पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

दूरभाष : 0771–2262802 (अकादमिक), 0771–2262540 (कुलसचिव), *E-mail ID- academicprsu@gmail.com*

क्रमांक : 3900 /अका./2017 रायपुर, दिनांक: 24/04/2017

प्रति,

समस्त आवेदक
(गोल्ड मेडल एवं पीएच.डी. उपाधि हेतु)

विषय : दिनांक 09 मई, 2017 को आयोजित 23वाँ दीक्षांत समारोह में आमंत्रण बाबत्।

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर का 23वाँ दीक्षांत समारोह, दिनांक 09 मई, 2017 को समय 11.30 बजे आयोजित है, इसमें आप सादर आमंत्रित हैं। इस कार्यालय का अधिसूचना क्र. 3868/अका./2017 दिनांक 18.04.2017 के अनुक्रम में **दीक्षांत समारोह शोभा–यात्रा का पूर्वाभ्यास दिनांक 08.05.2017 को पूर्वाह्न 10.30 बजे आयोजित है।**

गाऊन के स्थान पर निर्धारित वेश भूषा की जानकारी निम्नानुसार है:–

माननीय अतिथि	विशिष्टकरण सहित परिधान	
गोल्ड मेडल छात्र–छात्रा एवं पी–एच.डी. हेतु	(A) सफेद कुर्ता–पायजामा (B) कोसा रंग की प्लेन (Plain) साड़ी (C) पगड़ी	
	(D) दुपट्टा (Stoll) :–	
	(i) गोल्ड मेडल हेतु	साटन सिल्क – पिले रंग $\frac{1}{2}$ इंच का पट्टा
	(ii) पी–एच.डी.	साटन सिल्क – लाल रंग $\frac{1}{2}$ इंच का पट्टा

टीप : पगड़ी एवं दुपट्टा विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा, शेष परिधान स्वयं के द्वारा धारण कर दीक्षांत समारोह स्थल पर उपस्थित होंगे। **महिलाओं के लिये पगड़ी ऐच्छिक (Optional) होगा।**

पगड़ी एवं दुपट्टा का वितरण Humen Resource Development Council (एकेडेमिक स्टाफ कॉलेज) में किया जावेगा।

23वाँ दीक्षांत समारोह में आमंत्रित समस्त **गोल्ड मेडल छात्र–छात्रा एवं पी–एच.डी. उपाधि प्राप्तकर्ताओं** से अनुरोध है कि दिनांक 08.05.2017 को आयोजित पूर्वाभ्यास में निर्धारित समय से 2 घंटे पूर्व उपस्थित होकर पगड़ी एवं दुपट्टा प्राप्त कर सकते हैं। इसी प्रकार दिनांक 09.05.2017 को आयोजित कार्यक्रम में भी निर्धारित समय से 2 घंटे पूर्व प्रेक्षागृह में उपस्थित होने का कष्ट करें।

कुलसचिव

पृ.क्रमांक : 3901/अका./2017 रायपुर, दिनांक: 24/04/2017

प्रतिलिपि :

1. प्रभारी अधिकारी वेश–भूषा वितरण (23वाँ दीक्षांत समारोह) की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
2. 23वाँ दीक्षांत समारोह के सुचारू एवं सुव्यवस्थित संचालन हेतु गठित समिति के समन्वयकों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
3. वित्त नियंत्रक/प्रभारी अंकेक्षण, पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि., रायपुर।
4. प्रभारी अधिकारी, उपाधि विभाग को समस्त आवेदकों (पीएच.डी. एवं गोल्ड मेडल) को सूचित करने हेतु।
5. संचालक, महाविद्यालय विकास परिषद,
6. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण/ प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को समस्त दैनिक समाचार पत्रों में समाचार के रूप में प्रकाशित किये जाने हेतु।
7. कुलपति के सचिव/ कुलसचिव के निजी सहायक, पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि., रायपुर, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित ।

उप कुलसचिव (अका.)